अभाविप द्वारा विराटेश्वरी चेतना युवती सम्मेलन का किया गया आयोजन

शहडोल (स्वतंत्रमत)

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद जिला द्वारा संघ शताब्दी वर्ष के उपलक्ष पर नगर में विराटेश्वरी चेतना युवती सम्मेलन आयोजन किया गया, विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना कल से ही छात्र हित राष्ट्रहित, सामाज हित में कार्य करते आया है साथ ही विद्यार्थी परिषद अपने रचनात्मक कार्यों के कारण भी प्रमुख रूप से जाना जाता है, आज इस निमित्त देश भर में वर्तमान परिदृश्य में उठ रहे महिला विमर्श, महिला सुरक्षा ,महिला स्वास्थ्य, साइबर क्राइम, मिशन साहसी व पंच परिवर्तन जैसे विषयों को लेकर यह विशाल युवती सम्मेलन किया गया। इस युवती सम्मेलन में प्रमुख रूप से महिला समन्वय के प्रान्त संयोजिका मेघा पवार, अनुभागीय राजस्व अधिकारी एसडीएम अमृता गर्ग, जिला बौद्धिक प्रमुख डॉ अर्चना जयसवाल, सरस्वती शिशु मंदिर के अध्यक्ष भारतीय गुप्ता, प्रांत छात्रा प्रमुख आंचल मिश्रा विभाग छात्रा प्रमुख अंजली पांडेय एवं जिला छात्रा प्रमुख निधि पांडेय विशेष रूप से उपस्थित रही। जिसमें कई वीरांगनाओं के स्वरूप भी देखने को मिले। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख विषय पंच



परिवर्तन को लेकर प्रांत संयोजिका मेघा पवार जी का कहना है कि के इस बदलते समाज में कुटुंब प्रबोधन, स्वबोध ,सामाजिक समरसता पर्यावरण के प्रति जागरूकता, नागरिक कर्तव्य जैसे प्रमुख विषयों को युवती सम्मेलन में आई समस्त बहनों के समक्ष रखा। प्रांत छात्रा प्रमुख आंचल मिश्रा जी का विद्यार्थी परिषद में छात्राओं की भूमिका को लेकर कहना है कि नारियों को राष्ट्र निर्माण के लिए अकेला नहीं सबको साथ लेकर चलने का कार्य हमारे भारतीय संस्कृति बताती है अभाविप में छात्रों की भूमिका मिशन साहसी एवं ऋतुमति अभियान के माध्यम से छात्रों को नेतृत्व करना सिखाती है अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में छात्रों की भूमिका हमेशा महत्वपूर्ण रही है और महत्वपूर्ण रहेगी। आज के बढ़ते साइबर क्राइम के विषयपर डॉ अर्चना जायसवाल का कहना है कि आज की समस्त बहनों को सोशल मीडिया से जुड़े फ्रॉड हुआ साइबर क्राइम से बचने की अत्यंत आवश्यकता है आज फोन कॉल्स डिजिटल फॉरेस्ट के माध्यम से मासूम लोगों को फसाने के कार्य लोगों द्वारा किए जाते हैं अत: आप सभी को साइबर से जुड़े के विषय में जानकारी रखनी आवश्यक है, भारती गुप्ता ने बताया कि कुटुंब प्रबोधन का अर्थ है परिवार में संस्कार, आपसी प्रेम, सम्मान और एकता को बढ़ावा देना। एक संस्कारित परिवार ही एक अच्छे समाज की नींव होता है। च्पर्यावरण संरक्षण का अर्थ है प्रकृति, जल, जंगल और धरती की रक्षा करना। हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए और अपनी प्रकृति को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखना चाहिए।ज कार्यक्रम के अंत में राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ कार्यक्रम में सामाजिक कार्यकर्ता, प्राध्यापक, परिषद के कार्यकर्ता एवं छात्रा उपस्थित थी। कार्यक्रम का आभार जिला छात्रा प्रमुख निधि पांडेय जी व मंच संचालन भूमिका द्विवेदी द्वारा किया गया।

भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री को बांधवधरा आने का दिया आमंत्रण

उमरिया (स्वतंत्रमत)। शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस के पावन अवसर पर भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष दिलीप पांडे ने भोपाल में भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री चंद्रशेखर तिवारी से सौजन्य भेंट की। इस दौरान श्री पांडे ने उन्हें शारदीय नवरात्रि महोत्सव की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित कीं। साथ ही उन्होंने बाघों की भूमि बांधवधरा में पधारने का आग्रह भी किया। सौजन्य भेंट के दौरान प्रदेश में चल रहे संगठनात्मक कार्यों एवं संगठन को और अधिक मजबूत बनाने से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा हुई। दिलीप पांडे ने संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर मार्गदर्शन भी प्राप्त किया। चंद्रशेखर तिवारी ने नवरात्रि पर्व की शुभकामनाएं देते हुए संगठन को अधिक सशक्त बनाने के लिए सक्रियता से कार्य करने का आह्वान किया।

महाराजा अग्रसेन जयंती की धूम भारती पैलेस में सजा भव्य मंच



शहडोल (स्वतंत्रमत)। नगर में अग्रवाल समाज के आराध्य देव, समाजवाद के प्रणेता महाराजा अग्रसेन जी की जयंती अत्यंत हर्षोल्लास, अपार उत्साह और श्रद्धा-भक्ति के साथ मनाया गया। अग्रसेन मातृ समिति के तत्वाधान में स्थानीय भारती पैलेस में आयोजित इस जयंती महोत्सव में पूरे नगर का वातावरण अग्र मय और उत्सव जैसा नज़र आया। नगर में भव्य सजावट व होर्डिंग्स, जयंती महोत्सव के अवसर पर नगर के मुख्य चौराहों और मार्गों को आकर्षक होर्डिंग्स व बैनरों से सजाया गया था। इन होर्डिंग्स पर महाराजा अग्रसेन जी के अमर संदेश, समाजवाद, अहिंसा, व्यापारिक समृद्धि, भाईचारा और एक ईंट-एक रुपया का सिद्धांत प्रमुखता से अंकित थे, जो पूरे नगर को एकजुटता और समरसता का संदेश दे रहे थे। समाज के हर वर्ग की सहभागिता इस गरिमामयी कार्यक्रम में अग्रवाल समाज के हर छोटे-बड़े तबके, बुजुर्गों, महिलाओं, युवाओं एवं बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी-अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। मातृ समिति व पदाधिकारियों को बधाई, समाज बंधुओं ने अग्रसेन मातृ समिति की अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल, उपाध्यक्ष ज्योति अग्रवाल, सचिव श्वेता डालमिया एवं कोषाध्यक्ष तरु अग्रवाल के उत्कृष्ट मार्गदर्शन व सफल आयोजन के लिए उन्हें हार्दिक बधाई दी। साथ ही समाज के हर छोटे-बड़े कार्यक्रमों में सदैव अग्रणी रहकर कार्य करने के लिए उनका अभिनंदन किया। रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमरू जयंती के पावन अवसर पर बच्चों व महिलाओं द्वारा भक्ति एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की शानदार प्रस्तुतियां दी गईं, जिन्हें उपस्थित जनसमूह ने खूब सराहा। अग्रवाल युवा मंडल की नई कार्यकारिणी की रूपरेखा कार्यक्रम के दौरान समाज को नई ऊर्जा देने और युवाओं को आगे लाने के उद्देश्य से अग्रवाल युवा मंडल की नई कार्यकारिणी के गठन की रूपरेखा तैयार की गई। समाज के बुजुर्गों व सभी वर्गों ने मुक्त कंठ से इस पहल की सराहना की और अपना पूर्ण आशीर्वाद व समर्थन दिया। महाराजा अग्रसेन जी के विचारों पर प्रकाश समारोह के दौरान वक्ताओं ने महाराजा अग्रसेन जी के जीवन, उनके एक ईंट और एक रुपया के सामाजिक समानता के सिद्धांत तथा लोक कल्याणकारी विचारों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम का समापन महाआरती एवं प्रसाद वितरण के साथ हुआ।

नवरात्रि के अवसर पर सहायक आयुक्त ने एकलव्य विद्यालय की छात्राओं से की मुलाकात, चॉकलेट एवं मिठाई वितरित की



शहडोल (स्वतंत्रमत)। दुर्गा नवरात्रि के पावन अवसर पर सहायक आयुक्त, जनजातीय कार्य विभाग आनंद राय सिन्हा ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय का भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने छात्रावास में निवासरत छात्राओं से मुलाकात कर उनका कुशलक्षेम जाना तथा उनसे आत्मीय संवाद किया। भ्रमण के दौरान सहायक आयुक्त ने छात्राओं के साथ स्नेहपूर्ण वातावरण में बातचीत की और उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर छात्राओं को चॉकलेट एवं मिठाई का वितरण भी किया गया। चॉकलेट एवं मिठाई पाकर छात्राओं के चेहरे खिल उठे और विद्यालय परिसर में प्रसन्नता एवं उत्साह का माहौल बना। इस दौरान विद्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

प्रकृति और वन्यजीवों के संरक्षण का लें संकल्प : विधायक मनीषा सिंह



शहडोल (स्वतंत्रमत)। विधायक जयसिंहनगर मनीषा सिंह की उपस्थिति में वन्यप्राणियों के संरक्षण एवं पर्यावरण के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से दक्षिण वन मंडल में वन्यप्राणी संरक्षण एवं सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत विशेष जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मनीषा सिंह ने कहा कि प्रकृति को हरा-भरा बनाए रखने एवं वायुमंडल के तापमान को संतुलित रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि वन्यजीवों का संरक्षण हम सभी का दायित्व है। हमें प्रकृति एवं वन्यजीवों के संरक्षण का संकल्प लेना चाहिए और पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ानी चाहिए। उन्होंने प्रकृति के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए प्रत्येक व्यक्ति से अपनी जिम्मेदारी निभाने का आह्वान किया। पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने और वन्यजीवों के संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं। कार्यक्रम में दक्षिण वन मंडलाधिकारी श्रद्धा पेंद्र, विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी एवं अन्य लोग उपस्थित रहे।

ठोस अपशिष्ट प्रबंधन एवं स्वच्छता सर्वेक्षण 2026-27 की तैयारियों पर संभागीय कार्यशाला आयोजित

संभाग के सभी 22 नगरीय निकायों के अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण, कचरा प्रबंधन और जनभागीदारी पर दिया गया जोर

शहडोल (स्वतंत्रमत)

नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के दिशा-निर्देशानुसार होटल सूर्या इंटरनेशनल में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन 2026 पर एक दिवसीय संभागीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2026-27 के मानकों, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, कचरे के वैज्ञानिक निपटान तथा नगरीय निकायों में नवाचारों के प्रभावी क्रियान्वयन के संबंध में विस्तृत प्रशिक्षण एवं मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। इसमें संभाग के सभी 22 नगरीय निकायों के मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) एवं नोडल अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यशाला में कुल 44 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। फीडबैक फाउंडेशन संस्थान के महा प्रबंधक प्रदीप श्रीवास्तव एवं



प्रशिक्षक आशीष बिश्वास तथा प्रबंधक संदीप सोनी ने प्रतिभागियों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन की विभिन्न तकनीकी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने कचरे का स्रोत स्तर पर पृथक्करण, घर-घर से कचरा संग्रहण, मटेरियल रिकवरी फैसिलिटी (एमआरएफ) सेंटरों के सुचारू संचालन तथा पुराने जमा कचरे (लीगेसी वेस्ट) के प्रबंधन के संबंध में विस्तार से समझाया। विशेषज्ञों ने आरआरआर (रिड्यूस, रीयूज एवं रीसायकल), व्यवहार परिवर्तन तथा सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) गतिविधियों के माध्यम से नागरिकों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि जनजागरूकता और सामूहिक प्रयासों से शहरों को स्वच्छ एवं कचरा मुक्त बनाने की दिशा में प्रभावी कार्य किया जा सकता है।

स्वच्छ भारत मिशन शहरी 2.0 एवं ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 पर चर्चा

कार्यशाला में प्रदीप श्रीवास्तव ने स्वच्छ भारत मिशन (शहरी) 2.0 तथा ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम 2026 के विभिन्न प्रावधानों पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही संभाग के सभी नगरीय निकायों में संचालित स्वच्छता संबंधी कार्यों की प्रगति की समीक्षा की गई। आगामी स्वच्छता सर्वेक्षण 2026-27 में उत्कृष्ट प्रदर्शन सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आवश्यक कार्ययोजना एवं रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया।

यूट्यूब से किया गया लाइव प्रसारण-कार्यशाला की गतिविधियों एवं तकनीकी जानकारी को अधिक से अधिक अधिकारियों और संबंधित तकनीकी टीमों तक पहुंचाने के उद्देश्य से कार्यक्रम का यूट्यूब लाइव के माध्यम से सीधा प्रसारण भी किया गया। प्रशिक्षण के अंत में प्रतिभागियों के ज्ञान एवं समझ का आकलन प्रश्नोत्तरी और चर्चा के माध्यम से किया गया।

प्रमाण-पत्र वितरण के साथ कार्यशाला का समापन

कार्यशाला के अंतिम चरण में प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र वितरित किए गए तथा समूह छायाचित्र लिया गया। फीडबैक फाउंडेशन की ओर से संदीप सोनी ने आभार व्यक्त करते हुए कार्यशाला का समापन किया। कार्यशाला में पीआईयू की ओर से पल्लवी सिंह, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, स्वच्छता निरीक्षक तथा स्वच्छता कर्मी एवं पत्रकार कार्यशाला में शामिल अधिकारियों एवं प्रतिभागियों ने अपने-अपने नगरीय निकायों को स्वच्छ, सुंदर और कचरा मुक्त बनाने के संकल्प को दोहराया।

जिले में ग्रामीण रोजगार योजना के लिए 242 करोड़ से अधिक का आवंटन

डिंडौरी(स्वतंत्र मत)

मध्यप्रदेश में वीबी-जी राम जी योजना के अंतर्गत सामग्री मद के लंबित देयकों के भुगतान के लिए राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद, भोपाल ने बड़ा बजट आवंटन जारी किया है। अक्टूबर को जारी आदेश के साथ प्रदेश की विभिन्न जनपद पंचायतों के लिए राशि निर्धारित की गई है। इस आवंटन में डिंडौरी जिले की सातों जनपद पंचायतों को कुल 20 करोड़ 85 लाख 31 हजार रुपये मिले हैं। इससे जिले में योजना के अंतर्गत सामग्री मद के लंबित भुगतान को गति मिलने की उम्मीद है। राज्य ग्रामीण रोजगार गारंटी परिषद के आयुक्त मयंक अग्रवाल द्वारा जारी पत्र के अनुसार, सामग्री मद के देयकों के भुगतान के लिए बजट स्वीकृत किया गया है। आदेश में भुगतान की प्राथमिकता तय करते हुए वित्तीय वर्ष 2025-26 के 'एक बगिया मां के नाम' के लंबित देयकों का सबसे पहले भुगतान करने के निर्देश दिए गए हैं। इसके बाद अन्य लंबित देयकों का भुगतान एफआईएफओ



(स्नद्बुस्नह्व) के आधार पर किया जाएगा।

डिंडौरी की सात जनपद पंचायतों के लिए 20.85 करोड़ रुपये- जारी सूची में डिंडौरी जिले की सभी सात जनपद पंचायतों के लिए अलग-अलग राशि निर्धारित की गई है। इनमें मेंहदवानी, शहपुरा और डिंडौरी जनपद पंचायत को चार करोड़ रुपये से अधिक का आवंटन मिला है। जनपदवार आवंटन इस प्रकार है -

मेंहदवानी - 4 करोड़ 49 लाख 39 हजार रुपये।
शहपुरा - 4 करोड़ 40 लाख 18 हजार रुपये।
डिंडौरी - 4 करोड़ 34 लाख 31 हजार रुपये।
बजाग - 1 करोड़ 45 लाख 32 हजार रुपये।
अमरपुर - 1 करोड़ 30 लाख 41 हजार रुपये।
समनापुर - 1 करोड़ 23 लाख 61 हजार रुपये।
करंजिया - 39 लाख 86 हजार रुपये।

इन सभी राशियों को जोड़ने पर जिले का कुल आवंटन 20 करोड़ 85 लाख 31 हजार रुपये होता है। सूची के अनुसार मेंहदवानी को सबसे अधिक और करंजिया को सबसे कम राशि निर्धारित की गई है।

पहले 'एक बगिया मां के नाम' के लंबित बिलों का भुगतान- परिषद ने स्पष्ट किया है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 के 'एक बगिया मां के नाम' से संबंधित लंबित देयकों का भुगतान प्राथमिकता से किया जाए। इसके बाद शेष देयकों का भुगतान एफआईएफओ यानी निर्धारित क्रम में पहले आए देयकों को प्राथमिकता देते हुए किया जाएगा। इस निर्देश के बाद संबंधित जनपद पंचायतों को अपने यहां लंबित बिलों और देयकों की स्थिति के अनुसार भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ानी होगी। हालांकि, आवंटन जारी होने का अर्थ यह नहीं है कि सभी लंबित बिलों का भुगतान हो चुका है। वास्तविक भुगतान संबंधित देयकों के परीक्षण और निर्धारित प्रक्रिया के पालन के बाद ही होगा।

मजदूरी-सामग्री का 60ः40 अनुपात बनाए रखना जरूरी-आवंटन आदेश में जिला स्तर पर मजदूरी और सामग्री का अनुपात 60ः40 बनाए रखने के निर्देश भी दिए गए हैं। परिषद ने संबंधित अधिकारियों को आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा है। निर्देशों की अनदेखी होने पर संबंधित भुगतानकर्ता अधिकारी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। मध्यप्रदेश में जारी इस आवंटन के तहत डिंडौरी जिले की सातों जनपद पंचायतों को राशि निर्धारित होने से सामग्री मद के भुगतान की प्रक्रिया आगे बढ़ने का रास्ता खुला है। अब यह देखना महत्वपूर्ण होगा कि संबंधित जनपद पंचायतों में लंबित देयकों का भुगतान कितनी तेजी से होता है और 'एक बगिया मां के नाम' के पुराने बिलों के भुगतान में कितनी प्रगति आती है।

राष्ट्रीय स्तर पर उमरिया जिले को मिली सराहना

उमरिया (स्वतंत्रमत)। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना वर्ष 2026-27 के अंतर्गत जिले में किए जा रहे कार्यों को राष्ट्रीय स्तर पर सराहना मिली है। अगस्त माह की समीक्षा में उमरिया जिले ने 78.1 के कंपोजिट स्कोर के साथ पूरे देश में तीसरा स्थान प्राप्त किया है। भारत सरकार व्दारा कलेक्टर श्रीमती राखी सहाय को नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम एनएएससी काम्प्लेक्स नई दिल्ली में केन्द्रीय कृषि मंत्री एवं संबंधित मंत्रालय..विभागों के केन्द्रीय मंत्रियों की उपस्थिति में आयोजित हुआ। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत उमरिया जिले में कृषि क्षेत्र के साथ-साथ अन्य संबंधित सेक्टरों के किसानों की आय बढ़ाने तथा कृषि उत्पादकता को प्रोत्साहित करने के लिए विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कृषि, उद्यानिकी, पशुपालन, मत्स्य विभाग, जिला पंचायत के ग्रामीण विकास विभाग तथा कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा योजना के लक्ष्यों को पूरा करने के लिए सक्रिय रूप से कार्य किया जा रहा है। योजना के माध्यम से जिले में कृषि उत्पादकता में सुधार, फसल विविधीकरण, सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, कृषि अधोसंरचना को मजबूत करने तथा किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक से जोड़ने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। किसानों को कृषि संबंधी आवश्यक जानकारी, तकनीकी मार्गदर्शन और विभागीय योजनाओं की जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है, ताकि उपलब्ध संसाधनों का बेहतर उपयोग करते हुए उत्पादन एवं आय में वृद्धि की जा सके।जिले में दलहन एवं तिलहन फसलों के उत्पादन को बढ़ावा देने पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है।

क्या ऑपरेटर और क्लर्क के भरोसे चल रहा मानपुर रेंज कार्यालय?

वनभूमि पर बढ़ते अतिक्रमण और जंगलों की सुरक्षा को लेकर उठे सवाल

मानपुर (स्वतंत्रमत)। वन, वन्यप्राणीं और वन संपदा की सुरक्षा एवं विकास के लिए शासन द्वारा प्रतिवर्ष लाखों-करोड़ों रुपये का बजट खर्च किया जाता है। इसके बावजूद यदि वन क्षेत्रों की सुरक्षा, अतिक्रमण पर नियंत्रण और पौधरोपण जैसे कार्यों पर सवाल उठने लगें, तो संबंधित विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठना स्वाभाविक है। मानपुर वन परिक्षेत्र और उपमंडल कार्यालय की कार्यप्रणाली को लेकर भी इन दिनों क्षेत्र में चर्चाएं तेज हैं। आरोप हैं कि अधिकारियों की नियमित अनुपस्थिति के कारण कार्यालयीन कार्यों से लेकर मैदानी निरीक्षण तक की व्यवस्था प्रभावित हो रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि आखिर मानपुर क्षेत्र के जंगलों और वन संपदा की सुरक्षा



किसके भरोसे है? स्थानीय स्तर पर सामने आ रही शिकायतों और चर्चाओं के अनुसार, मानपुर क्षेत्र में वनभूमि पर अतिक्रमण बढ़ने, पौधरोपण स्थलों की स्थिति बिगड़ने तथा जंगलों में अवैध गतिविधियों को लेकर चिंता जताई जा रही है। कुटुलिया और टिकुरीटोला स्थित प्लांटेशन की स्थिति खराब होने के दावे किए जा रहे हैं। इसके अलावा सिगुड़ी मोड़ से ताला मोड़ तक, मानपुर के आसपास, कठार, कछौहां, भड़ारी नदी के दोनों किनारों, हिरौली, बिजौरी और भमरहा सहित कई स्थानों पर वनभूमि पर अतिक्रमण की शिकायतें सामने आने की बात कही जा रही है। इन शिकायतों की वास्तविक स्थिति की जांच आवश्यक है। क्षेत्र में जंगलों की सफाई, पेड़ों की कटाई और वनभूमि पर कब्जे को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वन क्षेत्रों में अतिक्रमण रोकने, एलंटाना जैसी हानिकारक खरपतवार की सफाई करने तथा वन्यप्राणियों के लिए जलाशय और चारागाह विकसित करने की दिशा में प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है। वहीं, नियमित पौधरोपण और वन संरक्षण के कार्यों की प्रगति को लेकर भी निगरानी की जरूरत बताई जा रही है। मानपुर रेंज और उपमंडल कार्यालय में अधिकारियों की उपस्थिति तथा मैदानी निरीक्षण की नियमितता को लेकर उठ रही शिकायतों के बीच यह सवाल महत्वपूर्ण हो गया है कि वनभूमि की सुरक्षा और अवैध अतिक्रमण पर नियंत्रण के लिए जिम्मेदार अधिकारी कितनी सक्रियता से कार्य कर रहे हैं।

महानदी के करहिया घाट में डूबे युवक का शव रेस्क्यू टीम ने निकाला



उमरिया (स्वतंत्रमत)। जिले के चंदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम करहिया स्थित महानदी के करहिया घाट में डूबे युवक का शव होमगार्ड एसडीआरएफ की टीम ने सर्च ऑपरेशन के दौरान बरामद कर पुलिस के सुपुर्द किया। थाना प्रभारी चंदिया एवं पुलिस कंट्रोल रूम उमरिया को महानदी के करहिया घाट में एक व्यक्ति के डूबने की सूचना मिली थी। सूचना प्राप्त होते ही होमगार्ड एसडीआरएफ की टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई और सर्च ऑपरेशन शुरू किया। देर शाम तक तलाश करने के बावजूद युवक का पता नहीं चल सका। इसके बाद 12 अक्टूबर को पुनः सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। टीम ने लगातार प्रयास करते हुए गहरे पानी से युवक का शव बरामद किया और पुलिस के सुपुर्द कर दिया। मृतक की पहचान राहुल उर्फ रवि बर्मन, पिता राजेंद्र बर्मन, उम्र 26 वर्ष, निवासी वार्ड क्रमांक एक चंदिया के रूप में हुई है। रेस्क्यू अभियान में नागेंद्र द्विवेदी, विद्याभूषण मिश्रा, मूरत पाल, सुजीत, बलवीर एवं अतुल कुमार शामिल रहे। टीम के सदस्यों ने लगातार प्रयास कर युवक के शव को पानी से बाहर निकाला।